न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला भीलवाडा
पीठासीन अधिकारी–दिव्यराज सिंह चूण्डावत (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 121/2023 (2023/295) **दर्ज दिनांक 26.07.2023**
प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट

शीर्षक

1. नोजी पत्नि स्व0 लेला अहीर
2. बंशीलाल पुत्र लेला अहीर
3. भैरूलाल पुत्र लेला अहीर
4. रतनलाल पुत्र लेला अहीर

सर्व निवासी भूणास तहसील सहाडा जिला भीलवाडा (राज.) **–प्रार्थीगण**

बनाम

1. देवी सिंह पिता मोती सिंह राव निवासी भूणास तहसील सहाड़ा
2. मीरा देवी पत्नि मुकेंद्र सिंह राजपूत निवासी कारोई तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा
3. श्यामू देवी पत्नि रतनलाल अहीर
4. भैरूदास दत्तक पुत्र छोगादास बैरागी
5. सत्यनारायण पुत्र छोगादास बैरागी
6. गणेशदास पुत्र छोगादास बैरागी
7. नन्दलाल पुत्र रामलाल अहीर
8. नारायण लाल पुत्र राम लाल अहीर
9. पुष्पा देवी पत्नि भैरू लाल अहीर
10. नंगजी पुत्र मेघा रेगर
11. चुना पुत्र मेघा रेगर
12. रतन पुत्र नारायण रेगर
13. घीसू पुत्र नारायण रेगर
14. सुगना पत्नि नारायण रेगर
15. मांगी पत्नि परथू अहीर
16. उदयराम पुत्र परथू अहीर
17. शंकर पुत्र नानू अहीर
18. शंकर पुत्र माना अहीर
19. गोपाल पुत्र माना अहीर

सर्व निवासी भूणास तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा

विपक्षीगण

उपस्थिति–
अधिवक्ता प्रार्थीगणः– श्री मनीष दाधीच
विपक्षीगण संख्याः– 1, 3 लगायत 19 अनुपस्थित
विपक्षी संख्या 02:– के विरूद्ध दाद नही चाही गई।

:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 ::

निर्णय **दिनांकः–17.05.2024**

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत विपक्षीगण के विरूद्ध प्रस्तुत कर ग्राम भूणास पटवार हल्का भूणास तहसील सहाड़ा के हल्का में स्थित प्रार्थीगण के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 2896/3 रकबा 0.12 हे0, 2907 रकबा 0.99 हे0, 2910 रकबा 0.67 हे0, 2912 रकबा 0.50 हे0 कुल किता 04 कुल रकबा 2.28 हे0 भुमि राजस्व खाता संख्या 369 पर दर्ज होकर स्थित है। जिसकी जमाबन्दी सम्वत् 2075 से 2078 संलग्न हैं। प्रार्थीगण द्वारा उक्त भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने की इस्तदुआ की।

Signature Not Verified
Digitally signed by Divyaraj Singh Chundawat
Date: 2024.11.22 17:51:17 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर पदेन
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

प्रकरण संख्या 121/2023 (2023/295)
अन्तर्गत धारा 111–128 एल0आर0एक्ट

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। विपक्षीगण को विधिवत सूचना पत्र जारी किया जाकर सूचित किया गया। विपक्षी संख्या 1, 3 लगायत 19 बावजूद सूचना अनुपस्थित अतः इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। विपक्षी संख्या 02 के विरूद्ध प्रार्थीगण के अधिवक्ता द्वारा कोई दाद नही चाही गई। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थीगण के अधिवक्ता को सुना गया। प्रार्थीगण के अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करने हेतु निवेदन किया।

बाद सुनवाई मैने प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर गहन मनन किया। प्रार्थना पत्र के अवलोकन व गहन मनन के प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट को स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल.आर.एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम भूणास पटवार हल्का भूणास तहसील सहाड़ा के बेरून हल्का आबादी में प्रार्थीगण के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 2896/3175 रकबा 0.12 हे0, 2907 रकबा 0.99 हे0, 2910 रकबा 0.67 हे0, 2912 रकबा 0.50 हे0 कुल किता 04 कुल रकबा 2.28 हे0 भुमि राजस्व खाता संख्या 369 पर दर्ज होकर स्थित भूमियों का बसामलात पक्षकारान के पत्थरगढ़ी की जाने के आदेश किये जाते हैं, **उक्त भूमि में दोनों पक्षों की उपस्थिति में किसी को बिना बेदखली एवं बिना किसी के कब्जे काश्त में दखलान्दाजी किये पत्थरगढ़ी की जावें। यदि पत्थरगढी के उपरान्त किसी का प्रतिकूल कब्जा पाया जाता हैं तो सक्षम न्यायाल में वाद दायर कर चाराजोही करें।** प्रार्थीगण बतौर पत्थरगढी शुल्क राशि 750/– (सात सौ पचास रू. मात्र) राजकोष में जमा करावें तथा पत्थरगढी की कमिश्नर फीस राशि 750/– (सात सौ पचास रू. मात्र) सम्बन्धित भु–अभिलेख निरीक्षक को मौके पर प्रार्थीगण अदा करें। पालनार्थ तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 17.05.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(दिव्यराज सिंह चूण्डावत)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर(भीलवाड़ा) 2.

सहायक कलेक्टर पदेन
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

सहायक कलक्टर (उपखण्ड अधिकारी) जिला भीलवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Divyaraj Singh Chundawat
Date: 2024.11.22 17:51:17 IST
Reason: SelfAttested